# बागीचे में भांजे आहिल के साथ फल तोड़ते नजर आए सलमान खान

कोरोना वायरस के चलते इस समय बॉलिवुड सिलेब्स अपने काम को बंद कर घर पर हैं। आए दिन सोशल मीडिया पर इन सिलेब्स के विडियोज और फोटोज सामने आते रहते हैं कि वह इस समय क्या कर रहे हैं। इस समय सलमान खान भी अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं। उनका एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे विडियो में सलमान खान अपने भांजे आहिल शर्मा के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। विडियो में आप देख सकते हैं कि सलमान खान फार्म में फलों को तोड़ रहे हैं और अर्पिता खान शर्मा का बेटा आहिल शर्मा अपने मामा का साथ दे रहा है। बता दें कि दो दिन पहले सलमान खान ने एक विडियो शेयर किया था। इसमें वह स्केच बनाते दिख रहे हैं। उन्होंने बहुत जल्दी एक स्केच बनाकर तैयार कर दिया। सलमान खान के इस विडियो पर फैन ने उनकी जमकर तारीफ की।

# संजू बाबा को याद आया पुराना दौर

बॉलिवुड में संजय दत्त काफी पंसद किए जाने वाले ऐक्टर्स में से एक हैं। संजय दत्त ने सिनेमा को कई हिट फिल्में दी हैं और आज भी अपनी बेहतरीन ऐक्टिंग से लोगों के दिलों पर राज कर रहे हैं। एक बार फिर से वह सिल्वर स्क्रीन पर लोगों का एंटरटेन के लिए तैयार हैं। बॉलिवुड इंडस्ट्री में कई वर्षों से ऐक्टिव संजय दत्त ने हाल ही में 8० और 9० के दशक के बारे में बात की। ऐक्टर ने कहा कि वह समय बहुत अलग था। अब इंडस्ट्री प्रोफेशनल है, पहले जैसी बात नहीं है। पहले इंडस्ट्री में आकर्षण था और लोगों के बीच एक गर्मजोशी थी। संजय दत्त ने आगे कहा कि पहले हम कई फिल्मों में रिश्तों के लिए काम करते थे न कि फिल्म या रोल के लिए। आज के समय में ऐसा रेयर होता है। संजय दत्त के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह केजीएफ- चैप्टर 2, शमशेरा, भुजन्द प्राइड ऑफ इंडिया और सड़क 2 जैसी फिल्मों में नजर आएंगे। फिलहाल, इस समय बॉलिवुड इंडस्ट्री कोरोना वायरस की चपेट में हैं और सब कामकाज बंद पड़ा है। बता दें कि संजय दत्त बीते साल 2०19 आखिरी बार फिल्म पानीपत में दिखाई दिए थे। डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर की फिल्म में अर्जुन कपूर और कृति सैनन भी महत्वपूर्ण भूमिका में थे।

# माता-पिता लड़कियों को सपने पूरे करने दें : कृतिका सेंगर

लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री कृतिका सेंगर का कहना है कि हरेक लड़की को अपने सपने पूरे करने का मौका मिलना चाहिए। कृतिका ने कहा, पुरस्कार प्राप्त करना सम्मान की बात है और मैं इस बात को लेकर अभिभूत हूं कि अन्य महिलाओं को प्रेरित करने लायक बनी हूं। मुझे खुद कुछ मजबूत महिलाओं से प्रेरणा मिली है। और आज मैं युवा माता-पिता से अनुरोध करना चाहूंगी कि कृपया अपनी बेटियों को पढ़ने दें और उन्हें अपने सपने पूरे करने दें, ताकि कल वे दूसरों को प्रेरित कर सकें। कृतिका झांसी की रानी, पुनर्विवाह, सर्विस वाली बहू और कसम तेरे प्यार की जैसे शो में अपने प्रदर्शन के लिए जानी जाती है।

# इतिहास में मेरी हमेशा से रुचि रही है : मानुषी छिल्लर

मिस वर्ल्ड 2०17 मानुषी छिल्लर पृथ्वीराज के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं, इसमें उनके विपरीत अक्षय कुमार हैं। मानुषी का कहना है कि इतिहास में हमेशा से ही उनकी रुचि रही है। मानुषी ने कहा, बचपन में मेरी इतिहास में बेहद रुचि थी, मुझे राजाओं के साम्राज्य और बहादुर शासकों की कहानियां पसंद थी। पृथ्वीराज और संयोगिता की कहानी ने मुझे हमेशा से ही आकर्षित किया है और जब मुझे यह फिल्म पेश की गई, तब मेरी जिंदगी को एक पूर्णता मिली। चंद्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कहानी महान शासक पृथ्वीराज चौहान की जिंदगी और उनकी वीरगाथाओं पर आधारित है। फिल्म में अक्षय मुख्य भूमिका में हैं, जबकि मानुषी उनकी पत्नी संयोगिता का किरदार निभा रही हैं।

# फरहान अख्तर मुझे प्रेरित करते हैं : मृणाल ठाकुर

अभिनेता फरहान अख्तर ने अपनी आगामी फिल्म तूफान में अपनी भूमिका के लिए गहन प्रशिक्षण लिया। फिल्म में उनकी सहकलाकार मृणाल ठाकुर उनसे काफी प्रभावित हुई हैं। मृणाल ठाकुर ने कहा, मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिला। उनसे बहुत सारा सीखने को मिला। करियर के शुरुआती चरण में इस तरह के शानदार अभिनेता के साथ काम करना अच्छा लगता है। उनकी फिल्म भाग मिल्खा भाग देखकर वाकई मुझे मजा आया था। जितनी कठिन मेहनत उन्होंने की थी, त्रुटिहीन था। और उसी तरह की मेहनत उन्होंने तूफान के लिए की है। वह वाकई मुझे प्रेरित करते हैं। मृणाल ने कहा, मैं खुद से कहती हूं कि जब भी मेरे जीवन में मैं उस तरह का किरदार निभाऊंगी, जिस तरह का फरहान तूफान में निभा रहे हैं, तो मैं हार नहीं मानूंगी..जिस दिन मैं हार मान जाऊंगी, मेरे दिमाग में सिर्फ यही दृश्य आएंगे, यदि फरहान ने यह किया तो आप क्यों नहीं कर सके?

# ट्रेन में घुसते ही सीट साफ करने लगीं रवीना टंडन



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

कोरोना वायरस का खौफ चारों तरफ दिख रहा है। एक तो कोई सफर में निकलना नहीं चाहता। अगर निकल भी रहा है तो पूरी सावधानी बरत रहा है। कुछ ऐसी ही सावधानी बरतते ट्रेन में ऐक्ट्रेस रवीना टंडन दिखीं। जी हां, एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस विडियो में कोरोना वायरस के डर से रवीना खुद अपनी सीट को पूरी तरह से साफ करते हुए दिखीं।

रवीना ने खुद इसका विडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें वह सीट को साफ करती दिख रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने फैंस को भी नसीहत दी है कि अगर मजबूरी में उन्हें भी सफर करना पड़े तो अपनी सावधानी खुद बरतें।

इंस्टा पर विडियो शेयर करते हुए रवीना ने लिखा, मैं ट्रेन में सफर करने जा रही हूं। ट्रेल चलने से पहले सीट सहित केबिन को गीले वाइप्स और सेनिटाइजर से कीटाणुओं को दूर करने की कोशिश कर रही हूं। ऐसा इसलिए ताकि हमारी यात्रा सुरक्षित रहे। हर यात्रा करने वाले के लिए यह जरूरी है।

रवीना ने फैंस को नसीहत देते हुए कहा है कि इससे आप तो सुरक्षित रहेंगे कि आपके आसपास के लोग भी सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने उम्मीद की है कि सभी लोग सावधानी बरतेंगे। रवीना ने कहा कि हमारी सुरक्षा ही सर्वोपरि है और इसके लिए हमारा सजग होना जरूरी है।

रवीना टंडन ने एक और विडियो डाला है। इस विडियो में वह मास्क पहने प्लैटफॉर्म पर चलती नजर आ रही हैं। हालांकि प्लैटफॉर्म पर बेहद कम लोग दिख रहे हैं। रवीना आगे जाते हुए संकेतों में यह कहने की कोशिश कर रही हैं कि हर वक्त सावधानी जरूरी है। कहीं भी लापरवाही नहीं बरतें।

# अभी तो बस शुरुआत है : शर्ली सेतिया



यूट्यूब पर बॉलीवुड के गानों को अपने अंदाज में गाने से लेकर लाइव कॉन्सर्ट के शो करने वालीं 24 वर्षीय शर्ली सेतिया अब फिल्म निकम्मा से बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। जीवन में काफी कुछ हासिल करने के बाद भी उन्हें लगता है, अभी तो बस शुरुआत है।

पुणे में पंजाबी म्यूजिक फेस्टिवल में उन्होंने कहा, लाइफ में अभी बहुत कुछ करना बाकी है। मुझे खुशी है कि भारतीय इंडस्ट्री ने मेरा स्वागत कर मुझे खुले दिल से अपनाया। इंटरनेट पर चर्चित रहना आसान नहीं, मैं इस बात से सहमत हूं। इसके लिए कड़ी मेहनत करने पड़ती है।

शर्ली ने अपनी फिल्म पर खुशी जताते हुए बताया की उनका शिल्पा शेट्टी के साथ काम करने का अनुभव बहुत ही अच्छा रहा।

निकम्मा फिल्म का निर्देशन सब्बीर खान ने किया है। फिल्म में अभिनेत्री भाग्यश्री के बेटे अभिमन्यु दासानी भी हैं। फिल्म 5 जून को रिलीज होगी।

# खाली टाइम में मलाइका अरोड़ा पकाती हैं खाना

बॉलिवुड सिलेब्स इस समय कोरोना वायरस के कारण अपने घर पर हैं और टाइमपास करने के लिए कुछ न कुछ कर रहे हैं। कुछ बी-टाउन सिलेब्स अपने घर पर कुकिंग करके अपना समय बिता रहे हैं और इसके विडियो और फोटोज और सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। मलाइका अरोड़ा और सारा अली खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर विडियो शेयर किए हैं। मलाइका अरोड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक विडियो शेयर किया है। इसमें वह डिश बनाते हुए दिखाई दे रही हैं। उन्होंने इसके साथ कैप्शन लिखा, मुझे खाना बनाना पसंद है और मुझे अपने परिवार और दोस्तों के लिए खाना बनाना काफी पसंद हैं। अपने बिजी शेड्यूल के कारण मुझे अपने पैशन के लिए बहुत ही मुश्किल से टाइम मिल पाता है। इस सेल्फ आइसोलेशन के समय का उपयोग मैंने रचनात्मक और स्वस्थ तरीके से मालाबारी वेज स्टू बनाने के लिए किया। मैंने ये रेसिपी अपनी मॉम और अपने दोस्त से सीखी है, वह बहुत अच्छी कुक हैं। इसके आगे मलाइका अरोड़ा ने लिखा कि मुझे उम्मीद है कि आप इस समय का उपयोग कुछ सकारात्मक और स्वस्थ रहने के लिए करेंगे।

